# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक – 22 मार्च, 2025** **थाना सिकन्द्राबाद**

## 01 शातिर मोबाइल फोन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 02 मोबाइल फोन बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.03.2025 को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर सिरोधन रोड कट के पास से 01 शातिर मोबाइल फोन चोरो को चोरी के 02 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. खालिद पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला रमपुरा कायस्थवाडा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 02 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनी के (चोरी के)

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 08/09.12.2024 की रात्रि में थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत अनाज मंडी के सामने जीटी रोड़ पर स्थित एक मोबाइल की दुकान में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्दराबाद पर मुअसं- 1047/24 धारा 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है। उक्त अभियोग मे 06 अभियुक्तों को 69 मोबाइल व 06 डाटा केबिल सहित गिरफ्तार करके पूर्व मे जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. निरीक्षक सरजेश कुमार
3. उ0नि0 धर्वेन्द्र कुमार, है0का0 हरविन्द्र सिंह, है0का0 देवेन्द्र कुमार, का0 रोहित कुमार




**मीडिया सेल, बुलंदशहर**